हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

11 किसानों से वादाखिलाफी कर रही राज्य सरकार



12 किसानों का सम्मान, अमृत सरोवरों की सफाई, रक्तदान..



PHOENIX®
श्री बालाजी स्केल
इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विक्रेता एवं सुधारक



डिगेन्द्र यादव - 9993001348
पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, राजिम, मो. 9303991861

## खबर संक्षेप

### आज हिंदू रक्षा मंच की धर्म रैली

**नगरी।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार के विरोध में हिंदू रक्षा मंच खंड नगरी द्वारा आज धर्म रैली का आयोजन किया गया है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजबाड़ा से रैली निकलेगी।

### मुल्ले में मड़ई 21 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुल्ले में 21 दिसंबर शनिवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर मयारू बेटा नाचा पार्टी भाठागांव बी. सिकोसा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी ने दी है।

### कमार बसाहटों में श्रमिक पंजीयन शिविर


**धमतरी।** प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) योजनान्तर्गत बसाहटों में श्रमिकों के पंजीयन हेतु शिविर आयोजित किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 10 दिसम्बर को बगरूमनाला के आमापारा और कवाचीपारा बसाहट में, 11 दिसम्बर को बिरनासिल्ली, 12 दिसम्बर को राजपुर के कमारपारा और 13 दिसम्बर को कसपुर रैयत के जामपानी कमारपारा में श्रमिकों का पंजीयन शिविर लगाया जाएगा। इसके लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 19 तक

**धमतरी।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 19 दिसम्बर तक जिले में श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 10 दिसम्बर को नगरी के बगरूमनाला, 11 दिसम्बर को मगरलोड के बेलरदोना, 12 दिसम्बर को नगरी के राजपुर (कमारपारा), 13 दिसम्बर को धमतरी के अछोटा, 14 दिसम्बर को नगरी के नवागांव कसपुर, 15 दिसम्बर को कुरूद के संकरी, 16 दिसम्बर को भोथली, 17 दिसम्बर को धमतरी के आमदी, 18 दिसम्बर को कुरूद के भखारा और 19 दिसम्बर को मगरलोड के सिंगपुर में श्रमिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

### मुल्ले में पंथी नृत्य प्रतिस्पर्धा 19 से

**जीजामगांव।** बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर सतनामी समाज मुल्ले द्वारा 19 एवं 20 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्वलन के अतिथि भूषण जांगड़े पीडब्ल्यूडी, ठाकुर रात्रे प्रोफेसर, दूजराम सोनवानी एएसआई, चंद्रिका प्रसाद सोनवानी होंगे।



समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष अर्जुन सोनवानी, उपाध्यक्ष अनूप बारले, कोषाध्यक्ष कामताप्रसाद सोनवानी, सचिव जयंत कुर्रे, संयोजक देवनारायण टंडन सहित सतनामी समाज के सदस्य जुटे हुए हैं।

विराट वीर मेला में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक, देश को तोड़ने वाली ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए एकजुट रहने का आह्वान

# सनातन की छत्रछाया में सभी संस्कृति सुरक्षित : रामलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धर्मांतरण नहीं राष्ट्रांतरण हो रहा है। जिस भी प्रदेश में धर्मांतरण हुआ है, वहां पर भारत से अलग होकर अलग राष्ट्र बनाने की मांग होने लगती है। नागालैंड सहित कई राज्य इसके उदाहरण है। धर्मांतरण रोकने का काम सरकारें नहीं करती हैं। जहां भी धर्मांतरण रूका है वहां समाज और संस्थानों ने रोका है। धर्मांतरण रोकने के लिए हमें समाज को आगे लाना होगा। यह बातें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने कही।

तीन जिलों की सीमा पर स्थित राजाराव पठार में 8 दिसंबर से विराट वीर मेला का आयोजन किया गया है। दूसरे दिन भी यहां आदिवासी हाट बाजार में खूब रौनक दिखी। आदिवासी लोकनृत्य, आदिवासी प्रतिभाओं का सम्मान और रात में आदिवासी महापंचायत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को लग रहा है कि आने वाले 10 साल में भारत महाशक्ति बन जाएगा। जो भी चाहते हैं कि भारत महाशक्ति न बने वो भारत को तोड़ने का काम कर रहे हैं। वे जानते हैं कि सनातन भारत की शक्ति है। वे विभिन्न समाज को अलग-अलग कर तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सनातन की छत्रछाया में सभी संस्कृति, विरासत और हम सुरक्षित है। हमें मिलकर रहना होगा। एक दूसरे की समस्या को समझते हुए मिलकर समाधान निकालना होगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस जोड़ने का काम करता है, तोड़ने का नहीं। संघ केवल सुनता नहीं है, बल्कि उस पर चिंतन भी करता है। किसी बात को कहने से चूकता भी नहीं है।

कार्यक्रम में आरएसएस के क्षेत्रीय संचालक रायपुर डॉ पूर्णेंदू सक्सेना, सर्व आदिवासी समाज छग के अध्यक्ष अरविंद नेताम, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अजजा आयोग नंदकुमार साय, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, विधायक विक्रम उसेंडी, प्रदेशाध्यक्ष गोड़वाना गोड़ महासभा अकबरराम कोर्राम, प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा भाजपा विकास मरकाम, कार्यकारी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छग बीएस रावटे, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग गोड़वाना गोड़ महासभा सुशीला नेताम, रामलखन पैकरा, बालोद जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तुकाराम कोर्राम, धमतरी जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, वीर मेला समिति अध्यक्ष उमेंदीराम गंगराले, महासचिव कृष्णा ठाकुर, महेश रावटे, कमलनारायण ध्रुव, रामेश्वर मरकाम आदि उपस्थित थे।






### बटेंगे तो कटेंगे : अभा आरएसएस संपर्क प्रमुख

श्री रामलाल ने कहा कि हमने एक हजार वर्ष तक गुलामी झेली है। मुगलों ने हमारी संस्कृति पर प्रहार किया। अंग्रेजों ने बड़ी चतुराई से धर्म परिवर्तन किया। वे जानते थे कि आदिवासी जीवट है। देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा से हद से गुजर जाएंगे। इसलिए धर्म परिवर्तन शुरू किया। हमारे पूर्वज बिरसा मुंडा, शहीद वीरनारायण सिंह, रानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य वीरों ने उनकी नाक में दम कर दिया। बांग्लादेश में जिनकी हत्याएं हो रही हैं, वे किसी एक समाज के नहीं है। हम जातियों और समाज में बंटे हैं, लेकिन बाहर के देशों में हम भारतीय हैं, सनातनी हैं। हमें एकजुट रहना होगा। धर्मांतरण के विरोध में आप खड़े हो जाएंगे तो धर्मांतरण रूक जाएगा। महापुरूषों ने कहा है कि जो देश अपनी संस्कृति भूल जाता है, उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। हम अपनी जमीन से जुड़े रहेंगे तभी सुरक्षित रहेंगे।

### प्रदेश में 42 प्रकार के आदिवासी : रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बूढ़ादेव का एक रूप नहीं है। वह महादेव, भोले शंकर और महाकाल है। महाकालेश्वर में हर रोज महादेव के नए स्वरूप की पूजा होती है। करीब 42 प्रकार के आदिवासी सरगुजा से लेकर बस्तर प्रदेश हर क्षेत्र में रहते हैं। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पृथक राज्य की सौगात दी। आज हर क्षेत्र में आदिवासियों को सम्मान मिल रहा है। प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। देश का सबसे बड़ा राष्ट्रपति के पद पर भी विशेष पिछड़ी जनजाति की महिला को बिठाया गया है। जनमन योजना चलाकर आदिवासी के हित के लिए प्रदेश और देश की सरकार भरपूर काम कर रही है। बिरसा मुंडा की जयंती पर आदवासियों के हित में 80 हजार करोड़ की योजना पर मुहर लगाई गई है। आज जहां पर भव्य मेला का आयोजन हो रहा है, वह कभी पथरीला था। पत्थरों पर चढ़कर पूजा करते थे। आज यहां पर सभी सुविधाएं हैं।

### बयां की बस्तर की कहानी

विराट वीर मेला में धमतरी, कांकेर, बालोद सहित कई क्षेत्र से लोग पहुंचे थे। यहां केवल आदिवासी समाज के लोग नहीं थे, बल्कि हर समाज के लोग मेले में शामिल हुए थे, जिसके चलते हाट बाजार में खूब रौनक रही। लोगों ने यहां पर शहीद वीरनारायण सिंह, बूढ़ादेव, राजाराव सहित अन्य देवी देवताओं की पूजा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम बस्तर के दंतेश्वरी डांस ग्रुप ने प्रस्तुत किया। बस्तर में हो रहे प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, विकास के नाम विनाश की कहानी को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।

# आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली पत्नी सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धर्मांतरण के लिए लगातार दबाव बनाए जाने से परेशान होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र ग्राम पोटियाडीह निवासी लीनेश कुमार साहू उम्र 35 वर्ष टेलर का काम करता था। युवक ने 6 दिसंबर की रात्रि अपने मकान के ऊपर के कमरे में लगे वेंटिलेशन में गमछा का फंदा बना फांसी लगा ली थी। मृतक के चाचा खूबचंद साहू 30 वर्ष पोटियाडीह निवासी की रिपोर्ट पर अर्जुनी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने युवक के शव के पास उसका मोबाइल बरामद किया। मोबाइल में युवक ने अपनी आत्महत्या का कारण अपनी पत्नी करूणा साहू, सास गौरी साहू, ससुर राजकुमार साहू, डेढ़सास किरण साहू व साली कनिष्का को बताया। इनके द्वारा दूसरे धर्म को अपनाने के लिए बार-बार दबाव बनाकर परेशान किए जाने से आत्महत्या करने का मैसेज व्हाटसअप के स्टेटस में लगाया गया। मृतक ने अपने बहन दामाद गुलशन साहू को 7 दिसंबर 2024 को 3 बजकर 43 मिनट पर उक्त मैसेज को भेजा था। पुलिस ने मोबाइल के व्हाटसअप स्टेटस व भेजे गए मैसेज की स्क्रीनशॉट लेकर पंचनामा तैयार कर जब्त किया। मोबाइल को भी जब्त किया गया। जांच के दौरान मृतक के पिता प्रेमनाथ साहू, गवाह शैलेंद्र साहू पिता द्वारिकाप्रसाद, परमेश्वर साहू, गुलशन साहू व थानू साहू से पूछताछ कर बयान लिया गया। इस मामले में थाना में धारा 108, 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी राजकुमार साहू 54 वर्ष, गौरी साहू 48 वर्ष दोनों ग्राम चूनाभट्टी रायपुर निवासी, करूणा साहू 27 वर्ष पोटियाडीह थाना अर्जुनी व किरण साहू 31 वर्ष फाफाडीह रायपुर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



पोटियाडीह में एक युवक ने ससुरालियों द्वारा धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने पर लगा ली थी फांसी

### शादी के बाद से धर्मांतरण के लिए बना रहे थे दबाव

जांच में पाया गया कि लीनेश साहू का विवाह एक साल पहले सितंबर 2023 में संत कबीर आश्रम पोटियाडीह में जयमाला डालकर हुआ था। शादी के 3-4 माह बाद से ही पत्नी करूणा साहू, सास-ससुर व अन्य ससुरालियों द्वारा मृतक व उसके माता-पिता पर दूसरे धर्म को अपनाने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। मना करने पर लड़ाई झगड़ा करते थे। परेशान व प्रताड़ित होकर युवक ने आत्महत्या की।

## रमसगरी गार्डन में तलवार लहराते युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** शहर के रमसगरी गार्डन में तलवार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कोतवाली पुलिस सोमवार को पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मरादेव मंदिर के पास पुलिस को मुखबिर से रवि नायक उर्फ भूरी द्वारा रमसगरी गार्डन में तलवार लहराने की सूचना मिली। पेट्रोलिंग पार्टी तत्काल गार्डन पहुंची। यहां रवि नायक धारदार तलवार लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ उसके कब्जे से धारदार तलवार जब्त की। आरोपी रवि नायक उर्फ भूरी पिता सुरेश उम्र 21 वर्ष पोस्ट आफिस वार्ड निवासी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

बच्चों को कार से स्कूल छोड़ने जा रहा था जवान, लोहरसी की घटना

# सड़क हादसे में बीएसएफ जवान घायल, हालत गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे बीएसएफ जवान की कार को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने ठोकर मार दी। इस हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बच्चों को मामूली चोट आई है।

परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी-सिलौटी निवासी प्रीतेश कुमार साहू पिता चावित्रराम उम्र 34 वर्ष बीएसएफ की 50वीं बटालियन का जवान है। उसकी पोस्टिंग मेघालय में है। जवान 23 दिन की छुट्टी पर पांच दिन पहले ही अपने घर आया है। सोमवार की सुबह जवान दो बच्चों को स्कूल छोड़ने कार से ग्राम लोहरसी स्थित केन्द्रीय विद्यालय जा रहा था। इसी दौरान स्कूल से पहले गली की तरफ से लोहरसी के मुख्य मार्ग पर आ रही रेत से लदी तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेक्टर की ठोकर से जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार में पीछे सवार बच्चों को मामूली चोट आई है। सूचना पर संजीवनी 108 तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायल जवान को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए घायल को रिफर कर दिया गया। परिजन घायल जवान को श्रीराम अस्पताल ले गए। यहां जवान का उपचार जारी है।

जिला टीबी सेल के सहयोग से पीडियाट्रिक टीबी विषय पर सेमीनार व प्रशिक्षण हुआ

# बच्चों में भी बढ़ रहा टीबी का खतरा, सजगता जरूरी : सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला स्तरीय प्रशिक्षण सेमीनार में टीबी जांच के लिए गैस्टीक एस्पीरेट तकनीक प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सीएमएचओ ने बढ़ रही पीडियाट्रिक टीबी को लेकर चिंता जताते हुए सजगता को आवश्यक बताया।

टीबी मुक्त भारत बनाने के लक्ष्य को साकार करने स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा में लेप्रा सोसायटी, साथी पार्टनर के द्वारा जिला टीबी सेल के सहयोग से पीडियाट्रिक टीबी विषय पर सोमवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक व सिविल सर्जन डा.टोंडर ने बताया कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होने की जरूरत है। श्वसन संबंधी गंभीर रोगों में शामिल टीबी एक गंभीर रोग है। इसका खतरा बच्चों में भी बढ़ रहा है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तरीय समस्याओं व निजी स्वास्थ्य समस्याओं में प्रीजस्टिव पीडियाट्रिक टीबी की पहचान व गाइडलाइन के अनुरूप चिकित्सकीय उपचार सुनिश्चित करना है।

मुख्य प्रशिक्षक जिला स्तरीय अधिकारी डा. टीआर ध्रुव, डा. रविकांत शिंदे ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा और टीबी उन्मूलन के संबंध में जानकारी दी। डाक्टरों ने बताया कि बच्चों में टीबी रोग को रोकने के लिए समाज में जागरूकता लानी होगी। बच्चों में टीबी के प्रमुख लक्षण खांसी, भूख में कमी व वजन का कम होना है। माता-पिता को इन लक्षणों को सामान्य समस्या समझकर नजर अंदाज नहीं करना चाहिए।

मुख्य प्रशिक्षक डा. अखिलेश देवांगन ने सभी प्रतिभागियों को गैस्टीक एस्पीरेट, इंडयूस्ड स्प्यूटम की तकनीकी प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षित किया। डीसीएच के डा.संदीप पटौंदा ने बताया कि क्षय रोग टीबी एक दीर्घकालिक जीवाणु संक्रमण है जो आम तौर पर फेफड़ों को संक्रमित करता है। टीबी मुख्य रूप से वायुजनित बीमारी है। सही देखभाल व उपचार से टीबी का उपचार संभव है।

सेमीनार में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डा.अरूण टोंडर, जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. आशीष वैष्णव, राज्य तकनीकि प्रबंधक लेप्रा सोसायटी के डा. अभिलाषा शर्मा, स्टेट नर्स मेंटर संजय चौधरी सहित समस्त ब्लाक के बीएमओ, स्टाफ नर्स, निजी चिकित्सालय के शिशुरोग चिकित्सक व लेप्रा सोसायटी के जिला परियोजना अधिकारी डा.राहुल राय, नीलमणी साहू, नेतराम साहू व महेश दास उपस्थित थे।




### बच्चों में टीबी के ये है लक्षण

प्रभावित बच्चे की उम्र के आधार पर टीबी के विभिन्न लक्षण दिख सकते हैं। सक्रिय टीबी में सबसे आम लक्षण बुखार, अनापेक्षित वजन का घटना, सही से विकास नहीं हो पाना, रात में पसीना आना, खांसी, ग्रंथियों में सूजन, ठंड लगना है। इसके अलावा किशोरों में तीन सप्ताह से अधिक खांसी, सीने में दर्द, थूक में खून, कमजोरी और थकान, ग्रंथियों में सूजन, भूख की कमी, बुखार व ठंड लगना व रात में पसीना आना शामिल है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### कुरुद कॉलेज में भूपेंद्र देवांगन विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**कुरुद।** विधायक अजय चंद्राकर ने संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए विद्यार्थी परिषद में सतत सक्रिय छात्रों के हित में कार्य करने वाले भूपेंद्र देवांगन कोकड़ी निवासी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। बता दें कि उच्च शिक्षित श्री देवांगन इसी महाविद्यालय से समाजशास्त्र, अंग्रेजी और हिन्दी विषय में पोस्ट ग्रेजुएट उत्तीर्ण कर छात्र राजनीति में सतत सक्रिय रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर भूपेंद्र ने कहा कि महाविद्यालय खेल मैदान में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जायेगी ताकि रात में और असामाजिक तत्वों का प्रवेश महाविद्यालय खेल मैदान में रोका जा सके। विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल, महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई, युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना आदि उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी।

### न्योता भोज में बच्चों ने खाई आलू, चना की सब्जी

**डांडेसरा(धमतरी)।** मितान धारा फाउंडेशन आर्गनाइजर ने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भुसरेंगा के बच्चों को न्योता भोज कराया। बच्चों को खीर, पूड़ी, पापड़, अचार, चाकलेट, सलगा बड़ा, आलू चना की सब्जी खिलाई गई। प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने इस आयोजन की प्रशंसा की। मौके पर फाउंडेशन की हेमलता यादव, जमुना पटेल, केशरी पटेल, झामिन पटेल, रूपाबाई, ललिता साहू, इंद्राणी साहू, वर्षा निर्मलकर, सियाबाई, शांतिबाई, चित्ररेखा ध्रुव, पिंकी निर्मलकर, पूजा, दयाबाई, कोमल साहू, ईश्वरीबाई, पूर्व सरपंच रामाधीन निर्मलकर समेत अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### महेश साहू



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा निवासी महेश कुमार साहू 50 वर्ष का निधन 9 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कोर्रा किया गया। वे आकाश साहू के पिता थे। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### खोमन साहू

**नगरी।** ग्राम बेलर निवासी खोमन साहू पिता सालिकराम साहू 28 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे प्रेम साहू के बड़े भाई थे। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

## मालवाहक वाहनों से रोज लग रहा जाम, जगह-जगह हुए गड्ढे

# केशकाल घाट की रिपेयरिंग से धमतरी नगरी बोराई मार्ग पर बढ़ा वाहनों का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



केशकाल घाटी में रिपेयरिंग कार्य के चलते रूट चेंज होने के कारण रायपुर से होते हुए उड़ीसा, विशाखापट्टनम एवं आंध्र प्रदेश जाने वाली मालगाड़ियां धमतरी से होकर नगरी होते हुए बोराई मार्ग पर दौड़ रही है। इससे ब्लाक के रोड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर एक से डेढ़ फीट गड्ढे हो गए हैं। रोज सड़क पर जाम लग रहा है। रूट डायवर्ट के चलते रायपुर, जगदलपुर मार्ग में चलने वाली मालवाहक गाड़ियां नगरी बोराई होते हुए धमतरी मार्ग में दौड़ रही है। भारी तादाद में मालवाहक अधिक चलने से बोराई सड़क में जाम की स्थिती बनी रही। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ओव्हर लोड की मालवाहक गाड़ियों से नगरी क्षेत्र की सड़कों पर दबाव बढ़ा है। इससे सड़कों की स्थिति दयनीय हो गई है। बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। धूल के गुब्बारे से ग्रामीणों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। धूल से आंख में खुजली होने लगी है।

बाईपास हरदीभाठा के ग्रमीण ने बताया कि धूल से रोड किनारे बसे गांव की हालत खराब है। पेड़ पौधों के साथ ही घर की छत धूल ही धूल दिखाई दे रही है। ग्रामीण रतनू निषाद, खिलेश लहरे, फनेंद्र भूषण, ललित निषाद, अनिल निर्मलकर, ललित ध्रुव, रमेश पटेल, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, अरुण नेताम, निर्मलाबाई ध्रुव, सुमित्रा ध्रुव, धनेश्वरी नेताम, शारदा ध्रुव, संतोषी निषाद ने बताया कि देवपुर से बाईपास रोड पर दिशा-निर्देश बोर्ड नहीं होने के कारण वाहन नगरी शहर से होकर गुजर रहे हैं। इससे फुटपाथ व्यापारियों को खतरा है। कुछ दिन पहले नगरी की ओर से बाइक चालक बोराई की ओर जा रहा था। इसी दौरान ढाल में ब्रेक फेल होने के कारण एक ट्रक ने बाइक चालक को ठोक दिया। बाइक चालक ट्रक के अंदर फंसा रहा। बीस फीट बाइक चालक को घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। मौके पर ही बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई।

# बिजली कर्मचारी 13 को करेंगे प्रदेश मुख्यालय में प्रदर्शन

- पुरानी पेंशन लागू करने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, चतुर्थ उच्च वेतनमान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी महासंघ ने पॉवर कंपनी में पुरानी पेंशन लागू करने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, चतुर्थ उच्च वेतनमान, तकनीकी कर्मियों को तकनीकी भत्ता, ठेका श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, पदोन्नति सहित 22 सूत्रीय मांगों को लेकर पुनः आंदोलन की राह में है।

धमतरी जिला से संभागीय अध्यक्ष लालजी साहू, सचिव पीयूष कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष लाला राम साहू, उपाध्यक्ष रमाकांत साहू, नम्रता जाचक, रामधार नेताम ने बताया कि बीते दिनों दुर्ग क्षेत्र में प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक हुई जिसमें सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद भी कोई आदेश जारी नहीं किए जाने पर संगठन को आंदोलन की राह पर चलना पड़ा है। आगामी 13 दिसंबर को प्रदेश मुख्यालय डंगनिया में सभा प्रदर्शन करते हुए पॉवर कंपनी को अंतिम चेतावनी दी जाएगी और मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में जनवरी से काम बंद हड़ताल की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष बीएस राजपूत ने की। बैठक में अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी अरुण देवांगन ने मार्गदर्शन किया। बैठक का संचालन प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ ने किया। बैठक में बिजली कर्मियों की कार्य के दौरान हुई मृत्यु की घटना पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया गया तथा अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृत कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का समापन कार्यकारी अध्यक्ष संजय तिवारी ने किया।

# फाइनल में मेचका ने ठेनही को किया पराजित

- सामुदायिक पुलिसिंग के तहत मेचका पुलिस ने आयोजित की क्रिकेट प्रतियोगिता

**नगरी।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत धमतरी पुलिस थाना मेचका द्वारा ग्राम ठेनही में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। थाना क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों की कुल 8 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें मेचका विजेता एवं उपविजेता ठेनही रहा। विजेता टीम को 2100 रुपये एवं उपविजेता को 1100 रुपये व शील्ड ट्राफी दी गई। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित 8 टीमों को भोजन भी कराया गया। अधिकारियों ने ग्रामीण नवयुवकों को खेल के प्रति जागरूक भी किया। सभी थाना प्रभारियों को अपनी बेसिक पुलिसिंग के साथ सामुदायिक पुलिसिंग करने के निर्देश दिये।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय, असिस्सेंट कमांडेंट सीआईएसएफ 211 बटालियन संतोष सुमन, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल धुव, थाना प्रभारी मेचका सउनि राधेश्याम बंजारे, प्रआर रामाधार कोर्राम, आरक्षक दिनेश रात्रे, भोजराम प्रजापति, गिरीश सोम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के बिना लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव नहीं : मगर

- सिंगपुर मगरलोड में न्योता भोज के साथ सेवानिवृत्त सहायक संचालक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





सिंगपुर मगरलोड में न्योता भोज एवं सेवानिवृत्त सहायक संचालक लक्ष्मण राव मगर का सम्मान किया गया। अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, एसएमसी सदस्य थे। शिक्षक गोविंद नेताम एवं रामभुवन मारकोले ने कहा कि श्री मगर ने अपने कार्यकाल में शिक्षकीय एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन भलीभांति किया है। सिंगपुर विद्यालय को हमेशा उनका साथ मिला। वे सही मायने में शिक्षकों के हितैषी थे। मगरलोड में बीईओ के पद पर रहते हुए उन्होंने शिक्षकों की सारी समस्याओं का समाधान संकुलों में शिविर लगाकर किया।

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने श्री मगर को अपने पुराने साथी, सहकर्मी बताते हुए कहा कि उनके व्यक्तित्व की खास पहचान है कि वे किसी भी कार्य को लक्ष्य तक पहुंचाकर ही दम लेते थे। बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसएमसी अध्यक्ष धनंजय साहू ने शिक्षा के प्रति मगर के समर्पण एवं त्याग के बारे में बताया कि वे गरीब बच्चों के मसीहा रहे हैं। उन्होंने हमेशा गरीब और शिक्षा से वंचित बच्चों की मदद की है।

श्री मगर ने कहा कि उन्होंने अड़तीस साल तक शिक्षा विभाग में सेवा दी है जिसमें उनकी पत्नी संगीता मगर का अहम योगदान रहा है। बच्चों को मैंने सदैव देवतुल्य मानते हुए शिक्षकों को बच्चों के हित में कार्य करने का आह्वान किया है। सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के बिना लक्ष्य की प्राप्ति सम्भव नहीं है। इस दौरान मगर दम्पत्ति ने सिंगपुर सेजेस में न्योता भोज कराया।

मौके पर अयूब खान रिज़वी, राधेलाल सिन्हा, इशहाक खान, हरिलाल मरकाम, इकरामुद्दीन रिज़वी, डॉ हेमंत साहू, केशव साहू, हेमलाल साहू, सुनीता ध्रुव, डीपी बागड़े, दुर्योधन मरकाम, विष्णु निर्मलकर, प्रीतम यादव दीप्ति ग्वाल समेत अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण कौशल एवं रामकृष्ण साहू ने किया।

# भाषण में चुम्मेश्वरी व निबंध लेखन में डिगेश्वरी अव्वल

- प्रतियोगिता के माध्यम से एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 2 एवं रेडरिबन क्लब इकाई 2 के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. अरुण मिश्रा के नेतृत्व में एड्स जागरूकता अभियान कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगोली, भाषण, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार रहने की प्रेरणा देना था। कार्यक्रम का आरंभ रासेयो इकाई 2 की कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने छात्रों को एड्स की रोकथाम, इसके लक्षण, उपचार और समाज में इस विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। भाषण प्रतियोगिता में चुम्मेश्वरी ने प्रथम एवं वंदना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम एवं होमिन द्वितीय रही। निबंध लेखन में डिगेश्वरी ने प्रथम एवं डोमेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में अन्नपूर्णा प्रथम एवं दीप्ति द्वितीय रही।

# डांडेसरा में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



ग्राम पंचायत डांडेसरा में कैलाश साहू से रविशंकर साहू के घर तक 3 लाख से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, ग्राम पटेल अंगदराम साहू, सरपंच बिन्दुबाई साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, गोपेश्वर जोशी, आलोक चंद्राकर, हरीश साहू, रूपलाल साहू, मुरलीधर साहू, टिकेश्वर साहू, इंदिरा साहू उपस्थित थे।

# भखारा कालेज के स्वयंसेवकों ने राज्य की संस्कृति, परंपरा को राष्ट्रीय मंच पर रखा

- ख्याति, चेतनानंद ने पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर का किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक ख्याति साहू पिता कामताप्रसाद साहू गुजरा का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली (उत्तरप्रदेश) के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा किया गया है। ख्याति महाविद्यालय में एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्रा है। शिविर 5 से 11 दिसंबर तक आयोजित है जिसमें छत्तीसगढ राज्य सहित अन्य 10 राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ से 4 बालक और 4 बालिका की टीम कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सुनीता चंसोरिया के नेतृत्व में अपने प्रदेश का मान बढ़ा रही है। इसी तरह महाविद्यालय के रासेयो के वरिष्ठ स्वयंसेवक चेतनानंद का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर हेमचंद्राचार्य नॉर्थ गुजरात विवि पाटन में हुआ था। यह राष्ट्रीय एकता शिविर 8 से 14 नवंबर तक आयोजित था। इसमें देश की एकता को प्रदर्शित करने तथा अपने राज्यों की संस्कृति, परंपरा, बोली, भाषा एवं नृत्य को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। छग के स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रदर्शनी लगाई थी। करमा नृत्य, पंथी नृत्य, बस्तरिया नृत्य तथा सरगुजा का लोक नृत्य प्रदर्शित किया।

स्वयंसेवक चेतनानंद के राष्ट्रीय एकता शिविर गुजरात में प्रतिनिधित्व करने एवं ख्याति साहू का राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली उत्तरप्रदेश में चयन होने पर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, पंडित रविशंकर शुक्ल विवि के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएस गजपाल, जिला संगठक निरंजन कुमार, प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एलआर डोंगरे, डॉ. कविता वैष्णव, डॉ. अविनाश आर निचत, आनंद सोनी, दिनेश नाग, रामकिशोर यादव, शकुंतला कोसरिया, हरविंदर सिंह कुर्रे, लोकेंद्र सुधाकर, अनुनय टोप्पो, जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# अवैध कटाई को रोकने ठेंगापाली प्रक्रिया चालू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ब्लॉक के ग्राम अरसीकन्हार में खोज एवं जन जागृति समिति के तत्वावधान में वन अधिकार कानून के धारा 3 (1) (झ) के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्राप्त ग्राम सभाओं के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पारंपरिक सीमा संरक्षण, प्रबंधन या पुनर्जनन करने का अधिकार ग्राम सभा को दिया गया है। कौन कौन से प्रक्रिया ग्राम सभा को करनी है इसके लिए कैसे सामूहिक निर्णय लिया जाए। ग्राम सभा बैठक माह में एक बार, सीएफआरएमसी की बैठक माह में दो बार होगी। सूखे पत्तों से हरी खाद, मृदा क्षरण को रोकने के लिए लूज बोल्डर, गेबियन वाल, स्टॉप डेम, अवैध कटाई को रोकने के लिए ठेंगापाली प्रक्रिया को चालू करना तथा वनोपज का टिकाऊ संग्रहण की जिम्मेदारी ग्राम सभा को करनी होगी। संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन के मुद्दों पर जंगल को सुदृढ़ करने के लिए कार्ययोजना तैयार करके मनरेगा, वन विभाग, वानिकी विभाग, कृषि विभाग के साथ अभिशरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में खोज संस्था के बेनीपुरी गोस्वामी, उषा ठाकुर, उमा ध्रुव समेत ग्राम सभा सदस्य गजानंद अहीर, पिंकी ध्रुव, प्रकाश ध्रुव, सुरेन्द्र गौर, मोतीलाल, सुनीता बाई, अजय कुंजाम, हेमराज कुंजाम, भगवानदीन, उमेन्द्र प्रधान, उतरा बाई, सुखलाल, संगतीन बाई, सुभाष व समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### विकास पेंटिंग प्रतियोगिता में अव्वल रहा

**धमतरी।** शासकीय नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम उमाशा धमतरी के कक्षा 12वीं के छात्र विकास ने पेंटिंग प्रतियोगिता जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ अन्नपूर्णा सिन्हा, श्रीमती संतोषी अग्रवाल, श्रीमती भारती जगताप एवं स्कूल स्टाफ ने शुभकामनाएं दी हैं।

### मानसिक रूप से कमजोर दो व्यक्ति को इलाज के लिए रायपुर भेजा



**कुकरेल।** कुकरेल के आसपास 7 से 8 महीने से मानसिक रूप से कमजोर दो व्यक्ति घूम रह रहे थे। ये दूसरे राज्य के थे। इसकी जानकारी समाजसेवियों को दी गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी नगरी, समाजसेवी सन्नी छाजेड़, अनिल बाधवानी, खेमराज साहू, सत्यम, खम्मन साहू के सहयोग से दोनों को आश्रम रायपुर भेजा गया, जहां उसका उचित इलाज निःशुल्क किया जाएगा।

### प्रभारी प्राचार्य के निधन पर फेडरेशन ने शोक जताया

**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बीडी वैष्णव प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी के आकस्मिक निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पदाधिकारी रविवार को उनके गृहग्राम सिहावा पहुंचकर शोक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इस अवसर पर ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, जोहन नेताम, दिनेश साहू, जेएल चंद्रवंशी, महासचिव गिरीश जायसवाल, तहसील संयोजक सुरेंद्र नेताम, माखन ध्रुव, राजकुमार ध्रुव उपस्थित थे।

### कोंडापार में भारतरत्न बाबा साहेब को किया नमन

**जीजामगांव।** ग्राम कोंडापार में भारतरत्न बाबा साहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपसरपंच हेमंत नवरंगे, वरिष्ठ कांग्रेसी बलदाऊराम साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## निधन

### यादराम साहू



**सिर्री।** ग्राम अटंग निवासी यादराम साहू का निधन 9 दिसंबर सोमवार को हो गया। वे घसनीन बाई के पुत्र, भगवंतीन बाई के पति और नीरज, डोमन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में ही किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने समाजजन सहित ग्रामीणों की भीड़ रही।

### 5 सूत्रीय मांगों को लेकर युवा कांग्रेस ने किया तहसील ऑफिस का घेराव

# किसानों से वादाखिलाफी कर रही राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील ऑफिस का घेराव किया। मौके पर जिलाध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि अभी पूरे छत्तीसगढ़ में धान खरीदी हो रही है जिन वादों को लेकर भाजपा सत्ता में आई है अब उन्हीं के खिलाफ वादाखिलाफी कर रही है। कई धान खरीदी केंद्रों में अनियमितता पाई गई है। भाजपा ने सरकार में आने से पहले 3100 रुपया एकमुश्त देने का वादा किया था लेकिन अभी मात्र 2300 रुपये दे रही है। बाकी राशि किसानों के पास कब पहुंचेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है।

युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने बताया कि भाजपा सरकार में सभी वर्ग परेशान है। किसान को सम्मान राशि समय पर नहीं मिल रही। टोकन कटने के बाद भी धान खरीदी में समस्या, बिजली बिल अनियंत्रित रूप से आ रहा है। शहर में महिलाएं असुरक्षित हैं। चाकूबाजी, मारपीट की घटना आमबात हो गई है। नशीली पदार्थों की अवैध बिक्री, शहर में अवैध प्लाटिंग सहित अन्य मांगों को लेकर तहसील ऑफिस का घेराव किया गया। समय रहते इस पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में युवा कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी।

घेराव में विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, सेवादल जिलाध्यक्ष होरी लाल साहू, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, मदन मोहन खंडेलवाल, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, पार्षदगण राजेश ठाकुर, सूरज गहरवाल, गुड्डा पेंदरिया, महिला जिलाध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव उदित साहू, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, धमतरी अध्यक्ष हितेश गंगवीर, ब्लॉक शहर अध्यक्ष आर्यन चंदेल, गौतम वाधवानी, वातांजलि गोस्वामी, गणेश्वरी कामड़े, गुरुगोपाल गोस्वामी, गीतराम सिन्हा, विज्जु रामटेके, राकेश मौर्य, विशु देवांगन, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, सही बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्रों ने जतमई, घटारानी, राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्री राम प्रभात शाखा सोरिद एवं सनातन उत्थान सेवा समिति धमतरी द्वारा वन संचार एवं देव दर्शन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें विद्यालय एवं महाविद्यालय के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। छात्रों को संगठित रहने तथा पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का भाव जगाया गया। देव दर्शन के लिए चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम कुटेना ले जाया गया। वहां के गुरुकुल के भी दर्शन किए। भूतेश्वर महादेव गरियाबंद, जतमई एवं घटारानी मंदिर, राजीव लोचन भगवान एवं कुलेश्वर महादेव राजिम का भी दर्शन कराया गया। इस कार्यक्रम मेंराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के सहप्रान्त महाविद्यालयीन प्रमुख राकेश साहू, रौनित गिरधारी सहारे, मुकुंद यादव, शिवा कोसरे, विशाल सोनवानी, करन ध्रुव के साथ अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## पटवारी ऑनलाइन कार्य व ट्रेनिंग का करेंगे बहिष्कार



■ कुकरेल तहसीलदार को जिलाधीश के नाम ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुकरेल के राजस्व पटवारियों ने ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार के संबंध में तहसीलदार कुकरेल प्रेमू लाल साहू को जिलाधीश के नाम ज्ञापन दिया। अध्यक्ष द्विजराम मरकाम, संरक्षक योगेंद्र श्रीमाली ने बताया कि 9 दिसंबर को ऑनलाइन कार्य के लिए संसाधन की मांग को लेकर काली पट्टी लगाकर काम किया गया। 15 दिसंबर तक आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराने पर पटवारी ऑनलाइन कार्य व ट्रेनिंग का बहिष्कार करेंगे।

16 दिसंबर से तहसील कुकरेल के सभी पटवारी शासकीय वॉट्सअप ग्रुप से बाहर हो जाएंगे। उच्चाधिकारियों द्वारा हमेशा शनिवार, रविवार को ही काम लिया जाता है जो शासन द्वारा प्राप्त मानव अधिकार का हनन है। अतः छुट्टी दिवस पर कार्य न कराया जाए। ज्ञापन देने के दौरान दीपक मरकाम, गोविंद साहू, ऋषि गंगेले, प्रवक्ता डोमन प्रकाश बंजारे, लक्ष्मी धनेशकर, कुशल कुंजाम, सचिव विरेंद्र कुमार कुंजाम उपस्थित थे।

## शराब दुकान बंद नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दानीटोला स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान से पूरे वार्ड का माहौल खराब हो गया है। जनदर्शन में इसकी शिकायत करते हुए वार्डवासियों ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे भी अब नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। नवरात्रि और दीपावली में ऐसे बच्चों को नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया। माहौल बिगड़ने के बाद भी इस शराब दुकान को बंद नहीं किया गया। उन्होंने शराब दुकान को बंद नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

सोमवार को दानीटोला से बड़ी संख्या में वार्डवासी कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि वार्ड में देशी और विदेशी शराब दुकान चल रही है। दुकान नजदीक होने के कारण शराब बच्चों की पहुंच में है, जिसके चलते वे नशे की चपेट में आ रहे हैं।

आगे बताया कि जहां पर शराब दुकान संचालित है, वहीं पर तालाब परिसर में हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर आदि हैं, जहां वार्ड की महिलाएं पूजा करने जाती हैं। शराब दुकान के पास असामाजिक लोगों का जमावड़ा रहता है। हमेशा गाली-गलौज होती रहती है, जिससे महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में संतराम ध्रुव, राजेंद्र नाग, मतेश्वर साहू, जनार्दन साहू आदि शामिल थे।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जिले के 4 मृतकों के परिजनों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। धमतरी तहसील के ग्राम भोथली के अगेश्वर साहू की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी ईश्वरी साहू को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम पीपरछेड़ी की ओमलता यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता मिथलेश यादव, मगरलोड तहसील के ग्राम हरदी की कुमारी मयूरी की मृत्यु सर्पदंश से होने पर उनके पिता राजेन्द्र कुमार और नगरी तहसील के ग्राम हिन्छापुर के युवराज नागे की मृत्यु पानी में डूबने की वजह से होने पर उनके पिता संतोष नागे को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## अंबेडकर वार्ड में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंबेडकर वार्ड के श्रीराम नगर में पार्षद राजेंद्र शर्मा की निधि से बाबू यादव घर से उत्तम साहू एवं ममता ध्रुव घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। महिलाओं ने बताया कि आने वाले समय में पूस का महीना प्रारंभ होगा। उससे पूर्व वार्ड में सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। कुलेश सोनी ने कहा कि वार्डवासियों की मांग एवं आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को गति देने हम प्रतिबद्ध हैं। मौके पर अनीता सोनी, संतोषी पंजिया, भारती जायसवाल, भाविका सोनी, सुनीता गुप्ता , मीना, गीता साहू, सरोज वर्मा, संगीता यादव, कांति जायसवाल, ममता ध्रुव, माया साहू, अंजु सहित पार्षद राजेंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा, सब इंजीनियर वेदप्रकाश साहू, राजस्व निरीक्षक अलोक तिवारी , सुनील रजक समेत अनेक लोग शामिल रहे।

## आज नशे की जड़ें लगातार फैल रहीं, इससे युवाओं को सतर्क रहना होगा : ज्योति

सेजेस मगरलोड में आयोजित युवा उत्सव में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड






स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मगरलोड भैंसमुंडी में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हुआ। यह युवाओं की रचनात्मकता कला, सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत मिश्रण था। इस उत्सव में विकासखंड से प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सामूहिक लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकगीत, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला, कृषि उत्पाद जैसे विविध कार्यक्रमो ने दर्शकों का दिल छू लिया। सामूहिक लोकनृत्य में सोनेवारा प्रथम, व्यक्तिगत लोक नृत्य में हाई स्कूल बड़ी करली प्रथम, सामूहिक लोकगीत में शासकीय महाविद्यालय मगरलोड प्रथम, व्यक्तिगत लोकगीत में सोनेवारा प्रथम, तात्कालिक भाषण में कुमारी मैलिसा प्रसन्नो स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रथम, चित्रकला में खिलेश्वरी सोनकर करेली बड़ी प्रथम, कहानी लेखन अखिलेश कुमार प्रथम, कविता लेखन तुम्हारी कुंती साहू आमचारी प्रथम, विज्ञान मेला सामूहिक में आत्मानंद स्कूल प्रथम, व्यक्तिगत विज्ञान मेला में हरीश कुमार भोथी डीह विद्यालय प्रथम, हस्तशिल्प में कुमारी पायल साहू प्रथम रहे। निर्णायक जागेश्वर साहू, प्रमेश दीप मानिकपुरी, कुंजराम साहू, खोमन लाल ध्रुव, अर्चना साहू, केवल राम साहू, शेषनारायण शर्मा थे। कार्यक्रम की अतिथि श्रीमती ज्योति दिवाकर ठाकुर अध्यक्ष जपं मगरलोड, श्रीमती नीतू खिलावन साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड, श्रीमती ज्योति दिवाकर ठाकुर ने कहा कि देश के विकास में युवाओं का योगदान सरहानीय है। इन्हीं युवाओं की शक्ति से ही राष्ट्र शक्तिशाली बनता है। आगे कहा कि आज नशा की जड़ें अधिक फैल रही हैं। इससे युवाओं को दूरी बनाकर रहना होगा । युवा उत्सव एक सीढ़ी की तरह है जिस पर युवा चलकर अपने अंदर छुपी हुई कला को निखार सकते हैं।

मौके पर पार्षद सत्यनारायण साहू, विसुन राम साहू, दुर्गा अश्वनी साहू, जागेश्वर साहू , दिव्या ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड, मनीष कुमार ध्रुव बीईओ मगरलोड, वेदराम साहू खेल प्रभारी मगरलोड, दीपक कुमार, भीमगंज पंचायत निरीक्षक, वेद राम सिन्हा एडीओ, अशोक कुमार ध्रुव प्राचार्य, डीएस दीवान प्राचार्य, शेष नारायण शर्मा मौजूद थे। इस आयोजन में गेंद राम धीवर, वीरेंद्र कुमार साहू, रामकिसुन नेताम, जयप्रकाश टांडे, गोविंद राम निषाद, रूपेश्वरी साहू, भावसिंह बंजारे, मनीष कुमार बंजारे, ताराचंद साहू, गीतेश्वर साहू प्रवीण, कृष्णा साहू का योगदान रहा।

## छग डिप्लोमा इंजीनियर्स एसो. के अध्यक्ष चुने गए गिरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की बैठक रुद्री स्थित जल संसाधन विभाग के निरीक्षण गृह में आयोजित की गई। इस दौरान प्रांतीय संगठकों की उपस्थिति में एसोसिएशन के निर्वाचन की प्रक्रिया भी पूरी की गई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जनपद पंचायत नगरी के उपअभियंता गिरीश कुमार सोनी को अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर सुरेश कुमार देवांगन जल संसाधन विभाग एवं कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार चंद्राकर सेतु निगम धमतरी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान प्रांतीय संगठक अविनाश त्रिपाठी, आरएन वार्डे, प्रांतीय सदस्य सतीश टंडन, राजेन्द्र कुमार शर्मा, वासुदेव देवांगन, तरुण ध्रुव, अजय संभाकर, जागृति नामदेव, शिवनाथ कुमार, रामेश्वर सिंग, मोहम्मद शोएब समेत बड़ी संख्या में अभियंता उपस्थित थे।




## वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति ने किया किसानों का सम्मान

■ वक्ताओं ने कहा : नागर घुना गे, बैला गंवागे, घर-घर ट्रैक्टर आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कुरूद द्वारा विष्णुदेव साय सरकार के एक साल पूरे होने पर सुशासन दिवस के रूप में किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कृषि में बढ़ती लागत के बावजूद भी किसानी में अपना सर्वत्र न्योछावर कर ऐसे पंजीकृत किसान जो लंबे समय से समिति से लेन देन कर रहे हैं और समय पर बराबर रकम पटा रहे हैं ऐसे किसानों का सम्मान शासन के आदेशानुसार 9 दिसंबर को कुरूद किसान राइस मिल के पास स्थित वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति के प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वृत्ताकार समिति के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर एवं नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष प्रभात बैस, टिकेश बैस, रामा निर्मलकर, केजूराम चंद्राकर, भारत साहू, प्रेमलाल साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ी भाषा में कहा नागर घुना गे, बैला गंवागे, घर-घर ट्रैक्टर आगे। आज किसानों का खर्च अधिक है क्योंकि मशीनरी से कृषि कार्य में खर्च अधिक हो रहे है। पहले प्रति एकड़ 15 बोरा उत्पादन करते थे और सुखी थे आज प्रति एकड़ 35 बोरा उत्पादन के बावजूद किसान असफल हैं। रासायनिक खाद का ज्यादा उपयोग कर रहे हैं। खेत पठल रहे हैं। जानकारी के अभाव में किसान सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभात बैस ने राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया।

सम्मान पाने वाले किसानों में केजूराम चंद्राकर, मिथिलेश बैस, राघवेंद्र शुक्ला, पुनाराम साहू, बसंतलाल ध्रुव, ईश्वरीलाल साहू, डुमनलाल चंद्राकार, क्रांति चंद्राकर, शिवकुमार साहू, होरीलाल देवांगन, त्रिलोक साहू, दीपक चंद्राकर सहित 20 किसान शामिल हैं। इस अवसर पर समिति प्रबंधक त्रिलोचन प्रसाद बांस्कर, रमाकांत सेन, बीटीएम आत्मा सहित अधिकारी कर्मचारी एवं सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

### पराली जलाने से कीट मित्र मर जाते हैं

बीआर साहू वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, प्रेमलाल ठाकुर कृषि विस्तार अधिकारी ने कहा कि किसान सौर ऊर्जा, किसान सम्मान राशि का लाभ उठायें। पराली नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि यह शासन के नियम के विरुद्ध है। एनजीटी के तहत जुर्माना एवं सजा दोनों का प्रावधान है। इससे बहुत से कीट मित्र मर जाते हैं।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## वीर नारायण का शहादत दिवस आज मनेगा

**नगरी/सांकरा।** सर्व आदिवासी समाज सांकरा ज़ोन के तत्वावधान में आज मंगलवार को सांकरा के शहीद वीरनारायण चौक सोंढूर रोड वार्ड क्रमांक 14 में शहीद वीर नारायण का शहादत दिवस मनाया जाएगा। सामाजिक जनों से उपस्थिति की अपील सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष बिशालराम ध्रुव ने की है। यह जानकारी टेमन नाग मीडिया प्रभारी सर्व आदिवासी समाज सांकरा ज़ोन ने दी है।

## मंदरौद में श्रीराम कथा महोत्सव कल से



**कुरुद।** कुरुद के समीपस्थ ग्राम मंदरौद में 11 से 15 दिसम्बर तक पांच दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

- प्रथम दिन कलश यात्रा में आयेंगी कुंवारी माता

प्रचवनकर्ता कथा व्यास सुनैना कृष्णा श्रीधाम अयोध्या उत्तरप्रदेश होंगी। प्रथम दिवस सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें कुंवारी माता का दर्शन किया जा सकेगा। कथा का समय दोपहर 2 से 5 बजे तक है। कार्यक्रम की तैयारी में प्रेमचंद साहू, महिम शुक्ला, टीकाराम निषाद, अंगदसिंह ठाकुर, प्रदीप सोनबेर, ईश्वर साहू, खूबलाल दीवान, हरिश्चन्द्र साहू, नोहर पटेल, पोखनसिंह ठाकुर, रामनारायण निषाद, गोविन्द निषाद, डॉ. गोविन्द चक्रधारी, दीपक साहू, नारदराम साहू, लीलाम्बर साहू, हिरामन साहू, रामचन्द्र साहू, भारत सोनकर, राजू नागे जुटे हुए हैं।

## दरबा में मितानिनों एवं स्वच्छता दीदियों का किया गया सम्मान

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत दरबा में मितानिन दिवस मनाया गया। सभी मितानिनों का सरपंच सीमा बघेल ने साड़ी और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी मितानिन बहनें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन निचले स्तर पर इन्ही की सहायता से होती है। सरपंच ने कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता दीदियों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सीमा बघेल, उपसरपंच प्रहलाद सपहा, पंचगण गुहलेद साहू, युवराज भतपहरी, कौशलेश आडिल, सोम साहू, श्रीमती पद्मनी साहू, उमेश्वरी निर्मलकर, ममता साहू, उर्मिला चेलक, ललिता सपहा, जामुन लहरे, शशिकला कोसरिया, संतोषी साहू, छम्मन साहू भृत्य, रूपेश सपहा उपस्थित थे।

### विष्णु सुशासन के एक साल पूर्ण होने पर जिले में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

# किसानों का सम्मान, अमृत सरोवरों की सफाई, रक्तदान व पौधारोपण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सहित जिले में भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों का सम्मान किया जा रहा है। वहीं अमृत सरोवर, तालाबों, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई सहित एक पेड़ मां के तहत वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर धमतरी विकासखण्ड के आमदी, कुरूद और मगरलोड के कृषि उपज मंडी तथा नगरी विकासखण्ड के दमकाडीह में कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई और कृषक उन्नति योजना के तहत लाभान्वित किसानों तथा प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया गया। इनमें 12 उत्कृष्ट किसानों और कृषक उन्नति योजना के तहत लाभान्वित 31 किसानों का सम्मान किया गया। वहीं सहकारिता विभाग द्वारा अछोटा, कण्डेल, डोमा, कुरूद, कोड़ेबोड़, मगरलोड, करेली बड़ी, मंदरौद, नगरी एवं सिहावा में उपस्थित किसानों को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जनहितकारी और किसान हितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।






इसके अलावा जिले के अमृत सरोवरों, तालाबों की साफ-सफाई, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में विद्यार्थियों द्वारा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। कुरूद में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, ग्रीन आर्मी की महिलाएं, स्कूली विद्यार्थियों द्वारा कारगिल चौक तक रैली निकाली गई और साफ-सफाई कर स्वच्छता संबंधी की ली गई। श्रम विभाग की ओर से ग्राम पंचायत कोसमर्रा में श्रमिक सम्मेलन आयोजित कर श्रमिकों का पंजीयन और नवीनीकरण किया गया। इसी तरह जिला अस्पताल धमतरी में रक्तदान शिविर लगाया गया।

## उपार्जन केंद्र में 19386 क्विंटल धान जाम



- मगरलोड सोसाइटी में 648 किसानों से पौने 2 करोड़ रूपये से अधिक ऋण वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राज्य शासन द्वारा 14 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का धान खरीदा जा रहा है। ग्रामीण सोसाइटी मगरलोड द्वारा 9 दिसंबर तक 648 किसानों से 30406.40 क्विंटल धान खरीदी की गई है। लिंकिंग के माध्यम से 1 करोड़ 88 लाख 82 हजार 266 रूपये की ऋण वसूली की गई है। सोसाइटी में मोटा धान 9658, पतला धान 4039 और सरना धान 16709.20 क्विंटल की 7,00,15,504 राशि की धान खरीदी की जा चुकी है।

कृषि साख सहकारी मर्यादित समिति मगरलोड समिति प्रबंधक दीपक साहू, धान केन्द्र प्रभारी रमेश साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर पीतांबर साहू ने बताया कि सोसाइटी में धान बिक्री के लिए 1794 किसान पंजीकृत हैं जिसमें 648 किसानों ने धान की बिक्री की है। सोसाइटी में प्रतिदिन 5 हजार से अधिक बारदाने से खरीदी की जा रही है। उपार्जन केंद्र में शासन के नियमानुसार 60 व 40 अनुपात में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से टोकन जारी कर धान खरीदी की जा रही है। फड़ में 19386 .40 क्विंटल धान जाम पड़ा है। धान का परिवहन धीमी गति से चल रहा है। फड़ में धान जाम होने की स्थिति बन गई है।

## पटवारियों ने काला कपड़ा पहनकर किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

- इंटरनेट भत्ता और लेपटॉप की मांग

ऑनलाइन काम करने के लिए इंटरनेट भत्ता और लेपटॉप की मांग को लेकर प्रदेश भर के राजस्व विभाग के पटवारियों ने काला कपड़ा पहनकर काम किया। 10 दिसंबर से वे रोज काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। 15 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर 16 दिसंबर से सभी तरह के ऑनलाइन काम बंद करने का निर्णय लिया है। कुरुद तहसील के ग्राम डांडेसरा में राजस्व पटवारी वीरेंद्र बैस अपने संगठन के निर्णय के समर्थन में काले रंग का वस्त्र पहनकर जाति प्रमाण पत्र के सैकड़ों आवेदनों का सत्यापन किया।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तीजनबाई साहू, सरस्वती लहरे ने बच्चों के पालकों से संपर्क कर जाति प्रमाणपत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर फ़ार्म को भरने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस योजना के बेहतर क्रियान्वयन में ग्राम सचिव खेदन निषाद, पंचायत ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, सहयोगी टिकेश्वर साहू, गुलाबदास मानिकपुरी भी शामिल रहे।

### विधानसभा के कुरुद, भखारा, सिर्री व मेघा मंडल के लिए होगा निर्वाचन

## आज चुने जाएंगे भाजपा मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारतीय जनता पार्टी केंद्र व प्रदेश नेतृत्व के दिशा- निर्देश पर आज भाजपा कार्यालय कुरुद में विधानसभा अंतर्गत आने वाले चारों मंडल कुरुद, भखारा, सिर्री एवं मेघा के लिए मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन किया जायेगा। निर्वाचन की प्रक्रिया दोपहर 12 बजे शुरू होगी जिसमें सर्वसम्मति से एक नाम तय किये जाने की सूचना मिल रही है। हालांकि निर्वाचित मंडल अध्यक्ष के नामों की घोषणा जिला स्तर पर 30 दिसम्बर तक की जायेगी।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी में अब 60 साल से ऊपर के जिला अध्यक्ष और 45 साल से ऊपर के मंडल अध्यक्ष नहीं बनेंगे। पार्टी हाईकमान ने यह निर्णय लिया है और इस संदर्भ में पत्र जारी किया गया है। युवा नेतृत्व को आगे लाने की दिशा में भाजपा हाईकमान ने यह पहल की है। जिसमें यह बात स्पष्ट है कि पार्टी हाई कमान के निर्देशों के तहत अब भाजपा में जनाधार वाले और सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे लाया जाएगा। साथ में पार्टी में 50 सदस्य जोड़ने वालों को भी इसमें तरजीह दी जा सकती है।

इस संदर्भ में भाजपा नेता भानु चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, गौकरण साहू, वीरेंद्र साहू ने बताया कि पार्टी हाईकमान का मानना है कि युवाओं को पार्टी के शीर्ष पद प्रदान करने से युवा शक्ति की सहभागिता बढ़ेगी साथ ही पार्टी और संगठित व मजबूत होगी। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी हो जाएगी। जबकि भाजपा के जिला अध्यक्ष भी 30 दिसंबर तक नियुक्त कर दिए जाएंगे। नया साल पहली जनवरी 2025 से भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से मंडल और जिला स्तर पर नए अध्यक्षों की नियुक्ति करके संगठन में नए रक्त का संचार करेगी।

जिसकी उम्र 35 से 45 के बीच वही बनेंगे अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य को मिलेगी प्राथमिकता



फाइल फोटो

## भाजपा सरकार में सभी वर्ग खुश : टीकाराम

मगरलोड सोसाइटी में सुशासन दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

राज्य में विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशभर में इसे सुशासन दिवस के रूप मनाया जा रहा है। ग्रामीण सोसाइटी मगरलोड में भाजपा पार्टी द्वारा किसान सम्मान कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता थे। अध्यक्षता लेखराम साहू प्राधिकृत अधिकारी समिति मगरलोड ने की। विशिष्ट अतिथि नरेश सिन्हा जिला भाजपा उपाध्यक्ष, शत्रुघ्न साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, डीहूराम साहू, पार्षद दुर्गा साहू, झमित सिन्हा, उर्वशी साहू अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, लोकेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, नंदनी सिन्हा, मिलन नेताम थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार में किसान खुश है। सरकार किसानों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी है। क्षेत्र के वरिष्ठ कृषक रामचरण साहू परसवानी, बाबूलाल साहू, रोशन लाला ध्रुव मड़ेली को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिलीप सिन्हा, बेदम चौहान, पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष बिसहतराम साहू, दाऊलाल साहू, वरिष्ठ कृषि अधिकारी केएस नरेटी, आरईओ रमेश सूर्यवंशी, सूरज देवांगन, एसके बघेल, संजू दर्रो, समिति प्रबंधक दीपक साहू, सह प्रबंधक रमेश साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, पीतांबर साहू, छत्रपाल साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों को 13 करोड़ से अधिक का भुगतान



- सरकार द्वारा 5500 रुपये प्रति मानक बोरे की दर से दी जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हरा सोना के नाम से जाना जाने वाला तेंदूपत्ता का संग्रहण ग्रामीण क्षेत्र में कृषि के अतिरिक्त आय का एक पूरक स्त्रोत है। छत्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ता का संग्रहण लघु वनोपज के रूप में किया जाता है। लाखों ग्रामीण इस कार्य से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को अब 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है, जिससे संग्राहकों को पहले के 4 हजार प्रति मानक बोरा की तुलना में 15 सौ रुपए अधिक मिल रहे हैं। इससे संग्राहकों को तेंदूपत्ता संग्रहण से होने वाली आय बढ़ी है। धमतरी जिले के 29 हजार 830 संग्राहकों को 13 करोड़ दो लाख 23 हजार 940 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। ग्राम सोरम की श्रीमती राकेश्वरी ध्रुव बताती हैं कि वे तेन्दूपत्ता तोड़ने जाती हैं और जंगल का ही काम करती हैं। उन्होंने बताया कि पहले तेन्दूपत्ता संग्रहण प्रति मानक बोरा 4 हजार रूपये मिलता था। अब हमें 5 हजार 500 रूपये मिल रहा है, जिससे परिवार का खर्च पूरा चला लेती हैं और बच्चों की पढ़ाई तथा अन्य आवश्यक जरूरतों में भी राशि को खर्च कर रहें हैं। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

## बौद्ध समाज ने मनाया बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बौद्ध समाज ने अंबेडकर सांस्कृतिक भवन लालबगीचा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। मौके पर संविधान की प्रस्तावना का पठन भी किया गया। समाजजनों द्वारा भगवान गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर त्रिशरण पंचशील का सामूहिक पाठ किया गया।

अध्यक्ष घनश्याम कामड़े ने अपने उदबोधन में संविधान के तहत पूरे भारत देश में कानून चलने की बात कही। कार्यक्रम में राजेश वासनिक एवं राजेश कामड़े ने भी अपने विचार रखे।



कार्यक्रम में धनीराम बमबोड़कर, प्रमोद यादव, शंकर नाग, सुरेश सपहा, मुरली देवांगन, रमेश ध्रुव, वीरू महाजन, व्यास कामड़े, त्रिभुवन सहारे, सतीश कामड़े, विक्की चौहान, सिद्धार्थ कामड़े, ममता सहारे, शालू वासनिक, कविता वासनिक, नंदा कामड़े, रामकली मेश्राम, शारदा कामड़े, रूक्मणी रंगारी, पूर्णिमा टैभुने, मीना मेश्राम, उर्मिला नार्वे, भारती वासनिक मौजूद रहे।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

### इस तरह के आयोजन से युवाओं को अपनी कला निखारने का मंच मिलता है : दीपक सिंह

# आजा नच के दिखा..राज्य भर के कलाकारों ने मचाई धूम


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्यस्तरीय नृत्य प्रतियोगिता आजा नच के दिखा का आयोजन यूथ क्लब एवं सनातन सेना के संयुक्त समन्वय से हुआ। इस कार्यक्रम में राज्य भर के कलाकारों ने हिस्सा लिया। इसका ऑडिशन 1 दिसम्बर को हुआ था। कार्यक्रम में जूनियर डांसर, ग्रुप डांसर, सीनियर डांसर ने दी प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ के लोकनृत्य का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि छत्तीसगढ़ फिल्म की दिया वर्मा, श्वेता शर्मा, विशेष लखोटिया, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जना बैंक की प्रबंधक पिंकी सोनी, पार्षद राजेश ठाकुर, चिकित्सक सुमित गुप्ता थे। इस अवसर पर सनातन सेना के दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा वर्ग को अपनी कला निखारने प्लेटफार्म मिलते रहना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों से अपनी कला के माध्यम से माता पिता और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। राजेश ठाकुर ने कहा कि कभी किसी निर्णय से निराश और उदास नहीं होना चाहिए। स्वयं के हुनर को जानना जरूरी है क्योंकि सबको भगवान अलग-अलग गुणों से सम्पन्न बनाता है।




कार्यक्रम में लगभग 35 नृत्य का प्रदर्शन प्रतिभागियों द्वारा किया गया। सब जूनियर अरयाना खान, रिशा खेतान, अनय गोलचा, जूनियर सेजल, मुस्कान शर्मा, आंचल जैन, सीनियर धनंजय साहू, डेथ स्ट्राम मुकेश मरकाम, नितेश कश्यप, समूह द मोटर क्रेव भिलाई, नृत्य मोटर क्रू भिलाई, द नेक्स मूव भिलाई, पायल एंड डॉली रहे। कार्यक्रम के संरक्षक दीपक लखोटिया थे। इस आयोजन में चिराग साहू, मयंक, विख्यात, भोजराज, झालेन्द्र, ओके सिन्हा, वेदप्रकाश, दीपकसिंह ठाकुर, संदीप अग्रवाल, डाकेश्वर साहू, चित्रेश, अमित सोना, आयुष, पीयूष परख, कैलाश बख्तानी, नितेश साहू, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा का सहयोग रहा।



ज्योतिषी शिर्डी से आपके धमतरी में
अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 9वीं बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में
जनता की मांग पर 5 दिन के लिए : 30 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक
मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।
बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वहीं मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)
पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117 बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-